भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 430

उत्तर देने की तारीख 02 जनवरी, 2026

13 माघ, 1947 (शक)

खेलो इंडिया के तहत बुनियादी खेल ढांचे के लिए निधियाँ

430. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ओडिशा के कंधमाल, बौध, नयागढ़ और गंजम जिलों में खेलो इंडिया (2021-26) के अंतर्गत खेल अवसंरचना को स्वीकृत, स्थापित या प्रस्तावित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्लॉक-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस बात को स्वीकार करती है कि उक्त जनजातीय और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण जिलों में पर्याप्त मानक खेल के मैदानों, इंडोर स्टेडियमों, सिंथेटिक ट्रैक, बहुउद्देशीय खेल परिसरों और प्रशिक्षित कोचिंग सहायता का अभाव और यदि हां, तो सरकार द्वारा समयबद्ध तरीके से उक्त कमियों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) वर्ष 2025 के दौरान मौजूदा खेल संबंधी योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधियों का जिला-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार उक्त जिलों में खेल प्रतिभा को विकसित करने के लिए खेलो इंडिया केन्द्रों, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना, सुनियोजित प्रतियोगिताओं के आयोजन और प्रत्येक खेल में योग्य प्रशिक्षकों की तैनाती के लिए केन्द्रीय बजट (2025-2026) में विशिष्ट प्रावधान करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) खेलो इंडिया स्कीम के तहत, ओडिशा राज्य में जिला बौध, जिला मुख्यालय में एक तैराकी पूल के निर्माण की परियोजना संस्वीकृत की गई है। इसका विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ख) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण पर्याप्त मानक खेल के मैदानों, इनडोर स्टेडियम, सिंथेटिक ट्रैक, बहुउद्देशीय खेल परिसरों का आकलन और प्रशिक्षित कोचिंग सहायता और समयबद्ध रूप से कमियों को दूर करने सहित खेल के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में अनुपूरक के रूप में कार्य करती है। तथापि, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ओडिशा के जनजातीय और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण जिलों सहित देशभर में खेलों के विकास के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता है:

i) खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता;
iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार;
iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और
viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन से उपलब्ध है।

(ग) इस मंत्रालय में धनराशि का आवंटन और वितरण स्कीम-वार किया जाता है, जिला-वार नहीं। वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान ओडिशा राज्य सहित देशभर में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की विभिन्न खेल विकास स्कीमों के तहत आवंटित धनराशि और व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु.)

वित्त वर्ष	**आवंटित धनराशि**	**व्यय की गई धनराशि (08.12.2025 तक)**
2025-26	3794.30	2268.33
2024-25	3232.85	2833.05

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

*****